## स्पीड न्यूज

### डीसी ने सुनी जनता की समस्याएं



**रामगढ़।** उपायुक्त चंदन कुमार ने शनिवार को अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिलने आए लोगों से मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने भूमि, सड़क, रोजगार, आवास, विभिन्न विकास कार्यों, योजनाओं के लाभ सहित अपनी समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया। जिसके बाद उपायुक्त ने मामलों के निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

### बिजली की तार के साथ दो गिरफ्तार



**कुजू।** कुजू पुलिस ने नयामोड़ के पास से शुक्रवार देर रात एल्मुनियम तार लदे सवारी टेंपो को जब्त किया और दो लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार दोनों चोरों को जेल भेज दिया गया। एसपी को गुप्त सूचना मिली की एक सवारी टेंपो से एल्मुनियम तार लेकर जा रहे है। इस पर उन्होंने कुजू ओपी प्रभारी दिगंबर पांडेय को टेंपो को जब्त करने का निर्देश दिया। ओपी प्रभारी दिगंबर पांडेय ने नयामोड़ के पास से टेंपो संख्या जेएच24सी-4145 को पकड़ा। इस बीच जब टेंपो की तालाशी लेने पर देखा कि बोरे में ढंग काफी मात्रा में एल्मुनियन तार रखा हुआ है। दोनों से तार का कागजात दिखाने की बात कहा गया तो वह लोग कागजात नहीं दिखाये। इसके बाद रोहित कुमार, पिता गुडू राम भरेचनगर सांडी व मो फिरोज, गोलापार रामगढ़ निवासी गिरफ्तार किया। अभियान में अयोध्या प्रसाद मेहता, रामचरित्र राय सहित व अन्य शामिल थे।

### शिवनगर में श्रीश्री 108 रूद्र महायज्ञ शुरू



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** यज्ञ समिति शिवनगर कॉलोनी के तत्वावधान में शिवनगर कॉलोनी बीटीटीआई में कलश यात्रा के साथ शनिवार से पांच दिवसीय श्रीश्री 108 रूद्र महायज्ञ सह प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान का शुभारंभ हुआ। 501 कलशों से सजी यह यात्रा यज्ञ मंडप से शुरू हुई। इसमें भारी संख्या में श्रद्धालु महिला-पुरूष व गच्चे गाजे-बाजे और भगवा ध्वजों के साथ शामिल हुए। कलश यात्रा के दौरान हर-हर महादेव, बम-बम भोल, ऊं नमः शिवाय सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। पूजन-अनुष्ठान में बतौर यजमान सुरेश महतो व कपूर देवी, शंभू ठाकुर व पिंकी देवी, अविनाश कुमार व रेश्मी देवी, महेश साव व सुनीता देवी और लाल मोहन तिवारी व तिलोतमा तिवारी शामिल हुए।

### रुद्र महायज्ञ में कई धार्मिक अनुष्ठान



**कुजू।** श्री श्री 1008 श्री हनुमंत लला प्राण प्रतिष्ठा सह पांच दिवसीय रुद्र महायज्ञ बड़की डूंडी में भक्ति का बयार बह रही है। शनिवार को यज्ञ के तीसरे दिन यज्ञाचार्य अमरनाथकान्त दुबे, लव शास्त्री, मदन तिवारी, विनोद पांडेय , जनार्दन तिवारी, राहुल तिवारी, सत्यम पांडेय, अंकित तिवारी ने यजमान बने झूबर महतो, गिरधारी महतो, हीरालाल महतो, अमेरिका प्रसाद, विष्णु देव महतो, वासुदेव महतो, फूलचंद महतो, छेदी महतो, चौहन महतो, खिलेश्वर महतो, कुलेश्वर महतो, संतोष महतो, लालधारी महतो, नागेश्वर साव, अशोक कुमार महतो सपतनीक के हाथों पूजा पाठ कराया. मौके कृष्ण कुमार, टिकेंद्र महतो, प्रकाश महतो, डालचंद महतो, हीरालाल महतो, गणेश, दामोदर, वासुदेव, गोपाल, बृजलाल, विजय, कुलदीप, रोहन, घनश्याम, बालगोविन्द, खिरोधर, प्रदीप, बालेश्वर, राजेश समेत बड़ी संख्या में लोग यज्ञ को सफल बनाने में जुटे हैं।

### डीएसपी ने बुथों का किया निरीक्षण



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रामगढ़ मुख्यालय डीएसपी चंदन कुमार वत्स ने शनिवार को बिरसा चौक भुरकुंडा स्थित महात्मा गांधी उच्च विद्यालय में बुथों का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यालय डीएसपी ने विद्यालय का कमरा, बिजली, पानी, शौचालय सहित अन्य सुविधाओं का निरीक्षण किया। डीएसपी चंदन कुमार वत्स ने शिक्षको को कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। इसके बाद डीएसपी ने भुरकुंडा गेस्ट हाउस का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण में सार्जेंट मेजर मंटु यादव, भुरकुंडा ओपी प्रभारी अभिषेक कुमार, सीएपी अनुप कुमार आदि शामिल थे।कौलेश्वर प्रजापति, बाबूलाल मुंडा, अशोक करमाली, संतोष करमाली समेत बड़ी संख्या में यज्ञ समिति के लोग लगे हुए हैं।

### महायज्ञ में परिक्रमा को उमड़े श्रद्धालु

कुजू। श्री श्री 1008 हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ बोंगावार में दूसरे दिन शनिवार को कई धार्मिक अनुष्ठान हुआ। इस दौरान यज्ञाचार्य मनोज पांडेय, आचार्य धीरज कुमार पांडेय, अजीत तिवारी, मनीष पांडेय, रजनीश पांडेय, अतुल कुमार पांडेय अमित पाण्डेय, मौसम पांडेय अभिषेक पांडेय, मोदी, आशीष पांडेय ने यजमान बने चौधरी महतो, सुखदेव महतो, नारायण महतो, लक्ष्मण महतो, मक्खन महतो, प्रकाश महतो, रामजतन महतो, तरुण गिरी, अर्जुन प्रजापति, खुशलाल महतो, महेश कुशवाहा, धर्मनाथ महतो, इंदू करमाली, राजेंद्र महतो, लछु महतो, सुरेश महतो सह पत्नीक के हांथो विधिवत पूजा-अर्चना कराया।

### मैट्रिक में कैथोलिक आश्रम का बेहतर प्रदर्शन

भुरकुंडा । पटेलनगर कैथोलिक आश्रम स्कूल के विद्यार्थियों ने दसवीं बोर्ड की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। उज्जवल कुमार 466, कृष कुमार 455 व छोटू मुंडा ने 441 अंक लाकर विद्यालय में क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया है। वहीं श्रृष्टि 413, रोशन तिग्गा 410, मो. फरहान 391, एलेक्स अरविंद एक्का 386, आदर्श 380, अभिषेक गुप्ता 379, रूफिना परवीन 378 अंक लाकर विद्यालय के टॉप छात्रों की सूची में शामिल हैं।

# हजारीबाग में रामनवमी हर्षोल्लास के साथ संपन्न

## शुक्रवार 12 बजे रात तक चलता रहा जुलूस का कारवां

- बहुत सारी यादों के साथ रामनवमी समाप्तः उपायुक्त
- बेहद खास है हजारीबाग की रामनवमीः आइजी
- एसपी ने सहयोग के लिए जनता को दिया धन्यवाद



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** रामनवमी उत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गया। इस दौरान 94 अखाड़ों का जुलूस मार्ग से गुजरा। लाखों राम भक्तों ने 3 दिनों तक नाच-गाकर हर्षोल्लास के साथ मयार्दा पुरूषोत्तम श्रीराम के जन्म का जश्न मनाया। दशमी के दिन गुरुवार की रात 10 बजे से विभिन्न अखाड़ों का जुलूस शहर में निकलना शुरू हुआ जो शुक्रवार की रात करीब 12 बजे के बाद समाप्त हुआ। इस दौरान जिले के वरीय अधिकारी 24 घंटे मंच से जुलूस की निगरानी करते रहे। रामनवमी को सकुशल संपन्न कराने के लिए हजारीबाग में भी बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किये गये थे। शहर में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं घटी। जुलूस के दौरान जहां एक ओर राम भक्त नाचते-गाते जुलूस में शामिल हुए, वहीं दूसरी ओर अधिकारी और पुलिसकर्मी भी राम भक्तों के साथ नाचते नजर आए। जुलूस समाप्त होने के बाद अधिकारियों व कर्मियों में खुशी देखी गयी और सभी ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। वहीं जुलूस समाप्त होने के बाद महासमिति की ओर से प्रशासनिक अधिकारियों को तलवार देकर धन्यवाद दिया गया। शांतिपूर्वक रामनवमी संपन्न होने के बाद हजारीबाग की उपायुक्त नैन्सी सहाय ने सभी जिलेवासियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह तीसरी बार है जब मुझे यहां रामनवमी के आयोजन का अवसर मिला है। हजारीबाग की रामनवमी बेहद खास है। यह रामनवमी बहुत सारी यादों के साथ समाप्त हुई है। बतौर उपायुक्त हजारीबाग में यह मेरी आखिरी रामनवमी हो सकती है। जिलेवासियों को शुभकामनाएं। रामनवमी के समापन के बाद बोकारो रेंज आईजी एस माइकल राज ने सभी कर्मियों और अधिकारियों को धन्यवाद दिया। कहा कि पहली बार मुझे हजारीबाग की रामनवमी का आयोजन करने का मौका मिला। यह त्यौहार बहुत खास है। मैं यहां से ढेर सारी यादें लेकर जा रहा हूं। एसपी अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि जनता और पुलिसकर्मियों के कारण ही रामनवमी शांतिपूर्ण ढंग से मनाई गयी।

**बिजली और पानी के लिए परेशान रहे शहरवासी :** एक ओर जहां रामनवमी के भक्ति में लोग सराबोर दिखे तो वहीं दूसरी ओर बिजली नहीं रहने के कारण पानी के लिए व्याकुल नजर आए। लोगों का कहना था कि जब शहर में झांकी निकलती है तो बाकी जगहों पर बिजली विभाग के द्वारा बिजली काट देना कहां तक न्यायोस्त्रित है। दो दिन शहर में बिजली की व्यवस्था चरमरा जाती है। बिजली विभाग को बाजार में लाइट काटना चाहिए चूकि वहां झाकियां और जुलूस रहती है। अन्य इलाकों में बिजली बहाल कर देनी चाहिए। शहरवासियों ने कहा कि अगले साल रामनवमी से पहले इस मामले पर बिजली विभाग के अधिकारियों व प्रशासन से चर्चा की जाएगी।

# सयाल में हथियार के साथ दो अपराधी हुये गिरफ्तार

**दोनों बाइक से वारदात को अंजाम देने जा रहे थे उरीमारी**

**एक देसी रिवाल्वर, एक कट्टा और एक जिंदा गोली बरामद**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** भुरकुंडा ओपी अंतर्गत सयाल में दो अपराधियों को पुलिस ने हथियार के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार दोनों बाइक से उरीमारी में किसी घटना को अंजाम देने जा रहे थे। पुलिस अधीक्षक डॉ बिमल कुमार ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि हथियार के साथ जा रहे दो अपराधियों के संबंध में गुप्त सूचना मिली कि वे किसी घटना को अंजाम देने जा रहे हैं। बताया कि सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पतरातू पुलिस निरीक्षक योगेंद्र सिंह के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया। टीम ने अभियान चलाकर सयाल चेक पोस्ट के निकट हरे रंग की यामाहा बाइक संख्या जेएच 24 एल 0461 पर सवार दो अपराधियों को धर दबोचा। बताया कि युवक पुलिस को देखकर भागने लगे। जिसपर पुलिस ने उन्हें धर दबोचा। बताया युवकों की पहचान सेंटर निवासी राकेश कुमार उर्फ राजू 20 वर्ष पिता स्व मनमोहन सिंह और सयाल रोड निवासी प्रेम कुमार राम 19 वर्ष पिता बबलू राम के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने राकेश के पास से एक देसी रिवॉल्वर और प्रेम कुमार राम के पास से देसी कट्टा और एक जिंदा गोली बरामद किया है। बताया कि पुलिस ने युवकों को गिरफ्तार कर बाइक और हथियार जब्त कर लिया। मामले को लेकर पतरातू थाना कांड संख्या 106/24 भादवि की धारा 25 (1-बी ) ए/26/35 आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर युवकों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। एसपी डॉ बिमल कुमार ने बताया कि अभियुक्त राकेश कुमार उर्फ राजू का आपराधिक इतिहास है। उसपर पूर्व में पतरातू थाना में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज है। जांच में फिलहाल युवकों के किसी आपराधिक गिरोह से संबंधित होने की बात सामने नहीं आई है। छापेमारी दल में पुलिस निरीक्षक पतरातू योगेंद्र सिंह, भुरकुंडा ओपी प्रभारी अभिषेक कुमार, कुणाल कुमार सदलबल शामिल थे।

## कृमि मुक्त को लेकर डीएस ने की बैठक

**बरही ।** राष्ट्रीय कृमि मुक्त अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने एक महत्वपूर्ण बैठक किया। जिसमे सीडीपीओ व बीआरसी कार्यालय के कर्मी सहित सहिया, एएनएम व स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे। डॉ ज्ञानी ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कार्यक्रम के तहत निजी विद्यालय के बच्चो को कृमि मुक्त दवा खिलाने की बात कही। उन्होने बताया कि 6 से 19 वर्ष के बच्चो में कृमि की संभावनाएं अधिक देखने को मिलते है। इसके कारण बच्चे मानसिक और शारीरिक रूप से दुर्बल होते हैं। उनका सर्वांगीण विकास रुक जाता है और बच्चे कमजोर हो जातें है। उन्होंने उपस्थित लोगो से अपने क्षेत्र के सभी विद्यालयों के बच्चों को एलबेंडाजोल की गोली खिलाने की बात कही। यह गोली सभी के लिए अनिवार्य है। जिससे कि यह सुनिश्चित किया जा सके कि निजी स्कूलों में शिक्षा के साथ स्वास्थ्य पर भी ध्यान रखे जाते हैं ताकि बच्चो को बेहतर पोषण दिया जा सके। बैठक में बीपीएम नारायण राम, एचएम सुधांशु सिन्हा, गुलाब चंद्र प्रसाद सहितआंगनबाड़ी की सेविका, सहायिका सहित सहिया व एएनएम मौजूद थे।

# तीसरी बार बनाएं मोदी सरकार: जायसवाल

**चौपारण में भाजपा प्रत्याशी ने चलाया जनसंपर्क अभियान**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चौपारण।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव सहित अन्य इस क्षेत्र के नेताओं और भाजपा कार्यकर्ताओं के संग जनसंपर्क अभियान चलाया। शादी- लग्न, क्षेत्र में कई धार्मिक आयोजन और महुआ चुनने का समय होने के बावजूद क्षेत्र की जनता ने सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल को सुना और उनके समर्थन में मतदान करने का उन्हें भरोसा जताया। मनीष जायसवाल ने इस दौरान बरही विधानसभा क्षेत्र के चौपारण प्रखंड स्थित करीब 11 पंचायतों के दर्जनभर से अधिक गांवों का तुफानी दौरा कर जनसंपर्क और जनसंवाद के माध्यम से भाजपा और अपने पक्ष में आगामी 20 मई को कमल फूल छाप पर वोट देने का अपील किया। सांसद उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने चोरदाहा, चौपारण, सियरकोनी, यवनपुर, चयकला, दादपुर, बेड़ना, बेला, राणिक, झापा, चैथी, पपरो, करमा, बहेरा और मानगढ़ का चुनावी दौरा किया। ग्राम दादपुर में जनसंवाद के दौरान जैक के मैट्रिक परीक्षा के परिणाम में प्रखंड टॉपर बने छात्र अनिकेत सिन्हा और उनके स्कूल मॉडर्न स्कूल, दादपुर के शिक्षकों का मनीष जायसवाल और मनोज कुमार यादव ने संयुक्त रूप से माला पहनाकर हौसलाअफजाई किया।

## नेता नहीं, बेटा/भाई चुने : मनोज यादव

**चौपारण।** बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि नेता नहीं बेटा/भाई चुनें, मनीष जायसवाल जैसे सुलभ, मिलनसार और मृदुभाषी व्यक्तित्व को ही अपना सांसद चुनें। उन्होंने कहा की मनीष जायसवाल गरीबों के मसीहा हैं और जनता के हर सुख- दुख में सहभागी बनकर उनके साथ रहते हैं। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की खुशहाली के लिए कमल फूल छाप पर ही बटन दबाएं। मौके पर जीप सदस्य राकेश रंजन, सहसंयोजक अर्जुन साव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश सहाय, रमेश ठाकुर, रामस्वरूप पासवान, भाजपा जिला महामंत्री सुनील साव, चौपारण पश्चिमी मण्डल अध्यक्ष मुकेश सिन्हा ,विहिप जिला मंत्री गुरुदेव गुप्ता, भाजपा नेता रंजीत चनद्रवंशी, मुकुन्द साव, विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह राठौर, रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

# एसभीएम पब्लिक स्कूल का मैट्रिक में शत प्रतिशत रिजल्ट

- प्रबंधन ने बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को किया सम्मानित



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सुंदरनगर एसभीएम पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने दसवीं बोर्ड की परीक्षा में रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। परीक्षा में 17 विद्यार्थी शामिल हुए थे, जिसमें 11 ने प्रथम श्रेणी और 6 द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं। मिली कुमारी 88.4, निखत परवीन 80.6, निशा कुमारी 80.4, दिव्या कुमारी 68.4, अंशु कुमार यादव 64.8, शालू कुमारी 62.6, राजा सोनी 62, मोहम्मद हुसैन 60.2 और राजवीर करमाली 60 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय के टॉप विद्यार्थियों की सूची में शामिल हैं। विद्यार्थियों की सफलता पर शनिवार को विद्यालय में सम्मान समारोह हुआ। समारोह में स्कूल के निदेशक आरके शर्मा, सचिव इंदु देवी, प्राचार्य अविनाश कुमार पांडेय, शिक्षक गुरेन्द्र बल्होत्रा आदि ने बच्चों को मेडल देकर सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। निदेशक आरके शर्मा, सचिव इंदु देवी ने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता ही विद्यालय का मुख्य उद्देश्य है। बेहतर परिणाम हासिल करने पर प्राचार्य अविनाश कुमार पांडेय, शिक्षक गुरेन्द्र बल्होत्रा, हेमंत वर्मा, नंदिनी वर्मा, शहबाजिया परवीन, वंशिका, अलीला देवी, संध्या कुमारी, आरती, मधु सागर आदि शिक्षक-शिक्षिकाओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।


## नैंसी बनीं रामगढ़ जिले की 9वीं टॉपर



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** चपरासी क्वार्टर पटेलनगर निवासी वनोद कुमार व इंदु देवी की पुत्री सह पटेलनगर भुरकुंडा स्थित कुमार क्लासेस कोचिंग की छात्रा नैन्सी कुमारी ने झारखंड दसवीं बोर्ड की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर अपने माता-पिता व संस्थान का नाम रोशन की है। नैन्सी कुमारी पटेलनगर भुरकुंडा स्थित पावन क्रूस की छात्रा है। नैन्सी विद्यालय के साथ-साथ कुमार क्लासेस कोचिंग से तैयारी कर मैट्रिक बोर्ड की परीक्षा में 469 नंबर के साथ 93.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर रामगढ़ जिला में टॉप टेन छात्रों की सूची में नौवा स्थान पाई है। नैन्सी की सफलता पर माता-पिता, परिजन, गुरूजनों सहित कोयलांचल भुरकुंडावासियों में हर्ष का माहौल है। छात्रा की सफलता पर संस्था के निदेशक संतोष कुमार ने कहा कि लक्ष्य का निर्धारण कर तैयारी की जाए तो सफलता जरूर मिलती है। विद्यार्थियों की सफलता ही गुरूओं के लिए सबसे बड़ा उपहार होता है। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं की सफलता ही संस्था का उद्देश्य है। इधर सफल छात्रा नैन्सी कुमारी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, कठिन परिश्रम व गुरूजनों को दी है। नैन्सी की सफलता पर संस्था के निदेशक संतोष कुमार, शिक्षक नितेश सिंह, संतोष रजक आदि शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## एक नजर में

### विष्णुगढ़ : मैट्रिक में परियोजना उच्च विद्यालय बनासो के छात्रों ने किया शानदार प्रदर्शन





**विष्णुगढ़।** परियोजना उच्च विद्यालय बनासो के छात्र-छात्राओं ने कड़ी मेहनत कर मैट्रिक की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया। उच्च विद्यालय ब्से 470 छात्र-छात्राएं परीक्षा दी थी, जिसमें 291 प्रथम श्रेणी 156 द्वितीय श्रेणी 09 तृतीय श्रेणी में पास किया ओवरऑल परियोजना उच्चविद्यालय बनासो का रिजल्ट97 .02फीसदी रहा। जो विष्णुगढ़ के सभी उच्च विद्यालय से ज्यादा है। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों में गुंजा कुमारी 94 .2फीसदी लाकर प्रखंड टॉपर रही। कृष्ण कुमार 92 .6फीसदी जाहिदा खातून 91 .4 परसेंट सूरज कुमार ठाकुर 90 .2फीसदी राहुल कुमार पांडे 90फीसदी प्रिंस राज शर्मा 86 .6 परसेंट सोनाली कुमारी 86 फीसदी, मुस्कान परवीन 85 .4फीसदी नंदनी कुमारी, 84फीसदी सोनम कुमारी 83फीसदी लाकर टॉप 10 में जगह बनाई । प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अमूल्य चंद्र पांडेय ने सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि अनुशासन पूर्वक पढ़ाई करते रहें आने वाले भविष्य में और अच्छा करें । श्री पांडेय ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक अजय कुमार रविदास ,वरीय शिक्षक दीपक मरांडी, सहायक शिक्षक नंदलाल सिंह, रणधीर यादव, बालेश्वर कुमार तिवारी, सूरज कुमार वर्मा एवं लिपिक कपिल देव पांडे कंप्यूटर शिक्षक राजेंद्र दास का आभार प्रकट किया।

### चरही : बाजार टांड में सादगी से मना सरहुल


चरही। शुक्रवार शामबाजार टाड़ में सादगी से प्रकृति का पर्व सरहुल मनाया गया। सरहुल पूजा में पाहन प्रेम कच्छप और सुनील टोप्पो ने सरना स्थल पर साल वृक्ष के पास पूजा-अर्चना कर लोगों के लिए सुख- शांति के लिए प्रार्थना किया गया। सुनील टोप्पो ने कहा कि हमारे पूर्वजों के द्वारा विरासत के रूप में मिले हुए अपनी पारंपरिक सरहुल पूजा को आज भी खुशी और उल्लास के साथ मनाते आ रहे हैं। अपनी संस्कृति की विरासत को बचाने के लिए सरना देवता की पूजा आवश्यक है।प्रीतम उरांव ने कहा कि सांस्कृतिक पर्व के लिये संरक्षण की आवश्यकता है। युवा पीढ़ी के आदिवासी समाज सह ऑल संथाल स्टूडेंट यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष मनोज टुडू ने कहा कि आदिवासी प्रकृति पूजक है। यह पूजा वर्तमान समय में तभी सार्थक होगा,जब हम सभी जंगल जमीन का संरक्षण और बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण करेंगें। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रीतम उरांव,पाहन सुनील टोप्पो ,प्रेम कच्छप, प्रीतम उरांव,जितेंद्र कच्छप , जगदीश हंसदा,निरज यादव,मुकेश उरांव,रंजीत कच्छप ,ममता उरांव ,पूजा उरांव, पूर्णिमा उरांव ,दशमी उरांव ,सोनू उरांव ,शंकर कच्छप , सहित कई लोग सम्मिलित थे।

### विष्णुगढ़ के बनासो में बैग की बैठक संपन्न

**विष्णुगढ़।** लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की जागरूकता एवं नैतिक सहभागिता को विकसित करने हेतु हर वोट महत्वपूर्ण है। कोई मतदाता छूटे नहीं चुनाव में भागीदारी करने और सोच समझकर नैतिकता के साथ वोट देने की संस्कृति को विकसित करने के उद्देश्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित की गई । प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी रामचंद्र दागी ने कहा कि 01 04 2024 अर्हता तिथि को जिनका उम्र 18 वर्ष हो चुका है वह 23 04 .2024 तक प्रपत्र 6 के माध्यम से मतदाता सूची में जुड़ सकते हैं साथ ही वोटिंग प्रतिशत को बढ़ाने हेतु मतदान केंद्र क्षेत्र में जागरूकता अभियान करके जानकारी दी इस अवसर में बी एल ओ पर्यवेक्षक जय नारायण राम पंचायत सचिव प्रीति कुमारी रोजगार सेवक गोपाल साह जेएसएलपीएस की सोनी देवी सोनिया देवी स्वास्थ्य सहीया मंजू देवी पिंकी देवी मीना देवी कविता देवी आंगनबाड़ी सेविका कुमकुम कुमारी रमीसुन निशा सरिता देवी पूनम देवी कौशल्या देवी समाजसेवी राजू महतो इमामुल अंसारी रकीब अंसारी इजराइल अंसारी सुरेश राम मुकेश कुमार नईम अंसारी विशेश्वर महतो आदि उपस्थित थे।

### मैट्रिक में प्लस टू उच्च विद्यालय का उत्कृष्ठ प्रदर्शन





**चरही।** प्लस टू उच्च विधालय चरही के वार्षिक माध्यमिक परीक्षा में 89 छात्र सम्मिलित हुए ।जिसमें 40 प्रथम श्रेणी और 43 द्वितीय श्रेणी में सफलता पाया। कुल उत्तीर्ण छात्रों की संख्या 83 रही है। प्रतिशत 93 .25 प्रतिशत रहा रिजल्ट। प्रथम स्थान अनन्या कुमारी 465, द्वितीय स्थान रिंकी कुमारी 446 एवं तृतीय स्थान सुमित कुमार सिंह 445 अंक को प्राप्त किया गया ।विद्यायल के प्राचार्य पारसनाथ महतो और शिक्षकों ने सभी उत्तीर्ण छात्रों की उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

### जंगलों में आग बुझाने में जुटे वनकर्मी

चरही । चरही वन सीमा क्षेत्र के घाटी और इसके आस पास के जंगलों में जान बूझ कर कुछ आसामाजिक तत्वों द्वारा आग लगा दी जाती है ।बताया गया कि कुछ लोग महुआ चुनने के लिए 3 बजे रात में निकल पड़ते हैं। आग लगाने का समय चला गया ।फिर भी आग लग रही है। वन विभाग के कर्मी आग पर काबू पाने के लिए दिन रात लगे हुए है। लोगों को जागरूक करने के लिए वनकर्मी गांव-गांव में प्रचार-प्रसार भी कराया गया । इसके बावजूद भी ग्रामीण जंगल में आग लगाने से बाज नहीं आ रहे हैं।

### बलिया में महापुराण कथा का हुआ शुभारंभ

**दारू।** दारू प्रखंड के कबिलासी पंचायत के बलिया गाँव मे मंदिर उद्धार हेतु 5 दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा सह महापुराण कथा का शुभारंभ हुआ, जिसमें बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता गौतम कुमार व कबिलासी पंचायत के मुखिया पति राजेश प्रसाद ने माताओ को कलश देकर जत्था को जल संग्रह के लिए नदी की ओर प्रस्थान किये। गौतम ने कहा कि अभी पूरा क्षेत्र अमन व शांति के लिए भक्ति में लीन है। इस कार्यक्रम में पसस प्रतिनिधि दीपक पाठक,पुर्व मुखिया कमल जी ,बिनोद पांडेय,प्रभु प्रसाद,नरेश महतो,संदीप कुमार, प्रेम प्रसाद समेत कई लोग मौजूद थे।

### मैट्रिक में उत्क्रमित उच्च विद्यालय का बेहतर रिजल्ट





**बरही।** बरही के उत्क्रमित उच्च विद्यालय खोड़ाहर के छात्र छात्राओं ने मैट्रिक के परीक्षा में बेहतर परिणाम हासिल किया है। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ सुनील यादव ने बताया कि विद्यालय से परीक्षा में कुल 84 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। जहां प्रथम श्रेणी से 50 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। वहीं द्वितीय श्रेणी से 30 विद्यार्थी और 02 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए है। उन्होंने बताया कि 02 विद्यार्थी अनुत्तीर्ण हुए है। प्रभारी प्रधानाध्यापक ने बताया कि विद्यालय स्तर मेधा सूची में सागर कुमार ने 403 अंक (80 .60 प्रतिशत), शिवानी कुमारी ने 402 अंक (80 .40 प्रतिशत), ओमकार कुमार ने 399 अंक (79 .80 प्रतिशत), सोनाली कुमारी ने 398 (79 .60 प्रतिशत), अंजलि कुमारी ने 397 (79 .40 प्रतिशत), शिफा खान ने 391 (78 .20 प्रतिशत), शम्मा खातून ने 375 (75 प्रतिशत), विशाल कुमार यादव ने 373 (74 .60 प्रतिशत), श्रुति कुमारी ने 369 अंक (73 .80 प्रतिशत), नेहा कुमारी ने 368 अंक (73 .60 प्रतिशत), भारती कुमारी ने 368 अंक (73 .60 प्रतिशत), सोनाली कुमारी ने 368 अंक 73 .60 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है।

### शोकाकुल परिवार से मिले बरही विधायक

बरही। प्रखंड कांग्रेस के पूर्व यूथ अध्यक्ष अमित जायसवाल के पिता रविन्द्र गुप्ता का शनिवार को निधन हो गया। निधन की जानकारी मिलते ही विधायक उमाशंकर अकेला सहित विस विधायक प्रतिनिधि छट्टू गोप, विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मन्नान वारसी, मनोहर यादव, बासुदेव यादव, राजेंद्र स्वर्णकार, शशि जायसवाल सहित कई लोग मृतक के घर पहुंचे और परिजनो को ढांढस बंधाया।

## स्पीड न्यूज

### विद्युत उपभोक्ता ध्यान दें! इस भीषण गर्मी में
### रविवार को बाधित रहेगी लातेहार शहर की बिजली सेवा

**लातेहार।** कनीय विद्युत अभियंता अंकित कुमार ने बताया कि 21 अप्रैल को आगामी गर्मी को देखते हुए लातेहार शहरी क्षेत्र के रेलवे स्टेशन, करकट, मेन रोड, धरमपुर, शिवपुरी एवम राजहार एवं विभिन्न जगहों में बिजली की तारों से सटे पेड़ों की टहनियों को काटने एवम मरम्मती के लिए सुबह आठ बजे से शाम छः बजे तक विद्युत आपूर्ति सेवा बाधित रहेगी। पिछले चार पांच दिन से तार में डाली के सटने के कारण बार बार लाइन बंद हो जा रही थी इसलिए तार से सटे सभी डालियों को काटना अतिआवश्यक है, साथ ही सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपेक्षा है। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से बिजली से जुड़ी सभी आवश्यक कार्य सुबह में कर लेने का आग्रह किया है और असुविधा के लिए खेद प्रकट किया है।

### आम चुनाव 2024 को लेकर प्रखंड कार्यालय में की गई बैठक

**बारियातू।** प्रखंड कार्यालय सभागार में लोकसभा आम चुनाव 2024 के विशेष तैयारी को लेकर सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ नंद कुमार राम के अध्यक्षा में बीएलओ व बीएलओ प्रवेक्षक की बैठक की गई. बैठक में बीएलओ की दायित्व व कर्तव्यों के बारे मे बताया गया. साथ ही मतदान के पुर्व व मतदान दिवस के दिन विशेष तैयारी हेतु विशेष दिशानिर्देश दिया गया. डाक मतपत्र से मतदान (होम वोटिंग) वोटर स्लीप का वितरण,मतदान केन्द्र की सजावट, मतदान दल के लिए भोजन, आवासन की सुविधा सुनिश्चित करना, मतदान दिवस के दिन मतदाताओ के लिए मौलिक सुविधाएं उपलब्ध कराने सहित कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। मोके पर प्रशिक्षक आलोक कुमार दुबे, बीएलओ प्रवेक्षक प्रकाश कुमार यादव, चंदन कुमार, विमला कुमारी, विजय कुमार यादव, प्रकाश कुमार तथा सभी बीएलओ मौजूद रहे।

### संपन्न व्यक्ति को अबुआ आवास देने का आरोप, उपायुक्त से जांच की मांग

बालूमाथ। बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के हांथडीह ग्राम निवासी प्रमोद यादव पिता जीबोधि यादव ने लातेहार उपायुक्त को आवेदन देकर कहा है की मेरे गांव के रहने वाले बंसी यादव पिता स्व. सबुर यादव को 2021-22 में पीएम आवास स्वीकृत हुआ था, जिसे बंसी यादव ने नहीं बनाया और मुखिया और पंचायत सेवक तथा ब्लॉक के कर्मचारियों की मिली भगत से आवास का पूरा पैसा निकाल कर अपने तीनों बेटी-बेटा में बांट दिया, जो बसंती मसोमात, नंदकुमार यादव, उदय यादव है। प्रमोद यादव ने बताया कि मेरे गांव में बहुत से ऐसे गरीब लोग हैं जिन्हें आवास नहीं मिल रहा है। वही ब्लॉक के कर्मचारियों की मिली भगत के कारण फिर से बंसी यादव के परिवार को अबुआ आवास मिल गया है। जिसका कार्य भी वे लोग नहीं कर रहे हैं और पैसा गबन करने की फिराक में है। प्रमोद यादव ने उपरोक्त मामले की जांच करते हुए दोषी पर कार्रवाई करने की मांग की है।

### चंदवा के अमझरिया घाटी में यात्री बस पर अपराधियों ने किया फायरिंग, खलासी को पिस्टल के बट से मारकर किया घायल

# खलासी ने एक संदिग्ध को दबोचकर किया पुलिस को सुपुर्द

➲ अग्रतर कार्रवाई के बाद जेल भेजा गया पकड़ा गया युवक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** शुक्रवार की रात्रि रांची से गढ़वा जा रही यात्रियों से भरी राजा शाहेब नामक यात्री बस में आधा दर्जन के करीब हथियारबंद अज्ञात अपराधियों द्वारा हमला कर फायरिंग की किये जाने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। पूरा मामला एनएच-75 अब 39 रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग अंतर्गत चंदवा थानाक्षेत्र के अमझरिया घाटी की है। घटना को लेकर यात्रा कर रहे यात्री ने बताया कि बस में रांची से सवार होकर दो लोग आ रहे थे। जिनसे बस के कंडक्टर के साथ सीट को लेकर विवाद हुआ था, जिसके बाद देखने-दिखाने की धमकी दी गयी थी। जिसके बाद बस जैसे ही अमझरिया पहुंची धमकी देने वाले युकव बस को रोकने को कहा, जैसे ही घटनास्थल में उतरने वाले थे। इसी दौरान पूर्व से घात लगाये पांच छह अज्ञात अपराधियों ने बस में आकर धावा बोल दिया व खलासी के साथ मारपीट करने लगे, इस दौरान अपराधियों ने अंधाधुंध 2 राउंड गोली भी चलाई जो बस के अलग अलग 2 स्थानों पर जा लगी। इसी क्रम में खलासी रौशन प्रसाद पिता राघव प्रसाद (नावा जयपुर पलामू) को पकड़ लिया और पिस्टल के बट्ट से मारकर घायल कर दिया। फायरिंग की आवाज पर यात्रियों में कोहराम मच गया। इसी बीच चालक ने सूझबूझ का परिचय देते हुए बस का रफ्तार तेज कर भाग निकला व सीधे थाना ले आया। वहीं घायल खलासी रौशन ने साहस का परिचय देते हुए बस में सवार एक संदिग्ध को कब्जे में ले लिया और चंदवा पुलिस को सुपुर्द कर दिया। हालांकि पुलिस प्रथम दृष्टया इसे गोली बारी के निशान नही मान रही है। लेकिन यात्रियों का साफ तौर पर कहना था की अपराधियों के द्वारा गोली चलाई गई थी। वहीं घायल बस खलासी रौशन को प्रारंभिक उपचार के लिए चंदवा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है। वहीं घटना के विरोध में थाना के समीप यात्रियों ने जमकर विरोध दर्ज कराये और सुरक्षा देकर बस को गंतव्य स्थान तक पहुंचाने की मांग पर अड़े रहे। इसके बाद चंदवा पुलिस के द्वारा सुरक्षा डेकर बस को गंतव्य के लिए रवाना कराया गया।

## गिरफ्तार संदिग्ध ने स्वीकार की संलिप्तता, भेजा गया जेल


घटना के बाद थाना के बाहर जमें यात्री।


घायल खलासी।

इधर घटना के संबंध में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार ने बताया की घटना के आलोक में चंदवा थाना में कांड संख्या 39/24 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। इस घटना का कारण सीट को लेकर हुए विवाद था, जिसमें अभियुक्त दीपक लोहरा पिता संतोष लोहरा, ग्राम हुटाप को गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया गया है। अभियुक्त ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकारी है। जल्द ही बाकी बचे अपराधी पकड़े जाएंगे, चंदवा पुलिस लगातार छापामारी कर रहीं हैं।

### ठोकर में अनियंत्रित होकर बाइक दुर्घटनाग्रस्त, पति-पत्नी समेत चार घायल


घायल महिला।

**बालूमाथ।** बालूमाथ-चतरा मुख्य पथ पर शनिवार की देर शाम ठोकर में मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो जाने के कारण गिरकर एक ही परिवार के पति-पति समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में सोनी देवी 35 पति मनीष सिंह, मनीष सिंह 40वर्ष, ऋतिक कुमार 10वर्ष और प्रेम कुमार 12वर्ष पिता मनीष सिंह सभी ग्राम चतरा निवासी शामिल है। घटना के सबंध में मिली जानकारी के अनुसार मनीष सिंह अपनी पत्नी और अपने दोनो बच्चों के साथ अपने ससुराल हेरहंज थाना क्षेत्र के चिरू से वापस अपने घर चतरा जा रहा था। इसी दौरान गीद्दी मोड़ के समीप ठोकर में मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो जाने के कारण गिर पड़ा और सभी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद 108 एंबुलेंस की सहायता से सभी घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। वहीं गंभीर रूप से घायल सोनी देवी को बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया। जहां उक्त महिला की स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है।

# सीआरपीएफ जवान की सड़क हादसे में मौत, एक जवान घायल


घटना स्थल का जायजा लेते एसपी व अन्य अधिकारी।


घटना स्थल पर खड़ी थ्रेसर।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

➲ ऑटो से लातेहार स्टेशन के लिए निकला था जवान, ट्रैक्टर में लदी थ्रेसर मशीन के रॉड के चपेट में आने से हुयी मौत

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड मे डालडा फैक्ट्री के समीप एक सड़क दुर्घटना में शनिवार को एक सीआरपीएफ 214 बटालियन के जवान की मौत हो गई. जबकि एक जवान घायल हो गया है। मृतक जवान की पहचान यूपी के मउ जिला निवासी राम भुवन यादव के रूप में हुई है. जानकारी के अनुसार सीआरपीएफ का जवान राम भुवन यादव छुट्टी लेकर सीआरपीएफ कैंप से टेंपू पकड़कर लातेहार रेलवे स्टेशन जाने के लिए निकला था। तभी कैंप से दो सौ मीटर की दूरी पर विपरीत दिशा से आ रही एक ट्रैक्टर जिसमे थ्रेशर मशीन लदा हुआ था उसके संपर्क मे आ गया। थ्रेशर मशीन के साईड में लगा रडनूमा स्टैंड से जवान के गर्दन में चोट लगी। चोट इतनी गंभीर थी कि अधिक खून बहने के कारण मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। जबकि टेंपू मे बैठे दुसरे जवान संजय कुमार सिंह घायल हो गया। घटना के बाद टेंपू चालक टेंपू लेकर फरार हो गया, पुलिस ने थ्रेशर मशीन लदा ट्रैक्टर को जप्त कर लिया है लेकिन उसका चालक फरार है। घटना की जानकारी मिलने के बाद एसपी अंजनी अंजन व सीआरपीएफ 214 बटालियन के कमांटेड केडी जोशी व थाना प्रभारी प्रमोद सिन्हा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। एंबुलेंस की मदद से मृत जवान के शव को पोसटमार्टम के लातेहार सदर अस्पताल पहुंचाया गया। वही घायल जवान का प्राथमिक इलाज किया गया। एसपी श्री अंजन ने कहा कि सीआरपीएफ की अपूरणीय क्षति है, दुख की घड़ी में जिला प्रशासन सीआरपीएफ के साथ है।

# लातेहार जिले में भीषण गर्मी का कहर, लू ने बढ़ाई परेशानी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार/बरवाडीह।** लातेहार समेत जिले के सभी प्रखंडों में चिलचिलाती गर्मी का कहर शुरू हो गया है। दोपहर में चल रही लहर से आमजनों की परेशानियां बढ़ गई हैं। दिन में धूप इतनी तीखी हो रही है कि सड़कों पर लॉकडाउन जैसे हालत दिख रहे है। बहुत जरूरी काम हो, तभी लोग दिन में घरों से निकलते हैं। कुछ दिनों से भीषण गर्मी से लोगों का जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। दोपहर 12 बजे के बाद शहर की सड़के सुनसान देखी जा रही है। जैसे-जैसे दिन बढ़ता है, सड़कों पर सन्नाटा पसरता जाता है। गर्मी और लू से बचाव के लिए लोग छाता लगाकर या गमछा से चेहरे ढक कर सड़कों पर निकल रहे हैं। भीषण गर्मी से बचाव के लिए गन्ना के जूस की दुकान, मौसमी फलों के जूस की दुकानों पर लोगों की भीड़ देखने को मिल रही है। लोग गर्मी से बचाव के लिए नारियल पानी, गन्ने का जूस, बेल की शरबत और ठंडे फलों का सेवन कर रहे हैं। स्थानीय लोगों ने कहा कि अप्रैल माह में इतनी भीषण गर्मी कई साल के बाद देखने को मिल रही है। अभी मई, जून और जुलाई बचा है, लेकिन अप्रैल महीने में ही गर्मी लोगों को घरों में दुबकने के लिए मजबूर कर रही है।

#### राज्य सरकार ने स्कूलों के लिए जारी किए निर्देश

राज्य में अत्यधिक गर्मी पड़ने एवं लू को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने विद्यालयों के लिए निर्देश जारी कर दिए है। इसमें स्कूलों की समय सारणी में बदलाव किया गया है। सभी सरकारी, गैर-सरकारी एवं निजी विद्यालयों में कक्षा केजी से कक्षा 08 तक की कक्षाएँ सुबह 7.00 बजे से 11.30 बजे तक एवं कक्षा 09 से ऊपर की कक्षाएँ सुबह 7.00 बजे से 12.00 बजे तक संचालित करने को लेकर अधिसूचना जारी कर दी गई है। वहीं इस अवधि में प्रार्थना सभा या खेलकूद एवं अन्य गतिविधियाँ धूप में संचालित नहीं की जाएगी, परन्तु मध्याह्न भोजन का संचालन जारी रहेगा। कल 22 अप्रैल दिन सोमवार से अगले आदेश तक इसका अनुपालन करने के सख्त निर्देश दिए गए है।

### देश के समृद्धि व विकास के लिए मोदी जरूरी: दीपक प्रकाश

# चंदवा में भाजपा कोर कमिटी एवं चुनाव संचालन कमिटी की बैठक संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**


बैठक में मौजूद भाजपाई।

**चंदवा।** गैरेज लेन स्थित होटल आकाश प्रांगण में शनिवार को भाजपा कोर कमिटि एवं चुनाव संचालन समिति की बैठक जिला अध्यक्ष पंजक सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुयी। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद सह पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, जिला प्रभारी मुकेश निरंजन सिन्हा लातेहार विधानसभा प्रभारी रामदेव सिंह, पूर्व विधायक हरे कृष्णा सिंह अमित सिंह समेत कई नेता मौजूद थे। बैठक को संबोधित करते हुये मुख्य अतिथि दीपक प्रकाश ने कहा कि राष्ट्र के समृद्धि व विकास के लिए मोदी जरूरी है। चतरा संसदीय क्षेत्र की जनता व कार्यकर्ता की मांग पर अमल करते हुये भाजपा राष्ट्रीय नेतृत्व ने स्थानीय उम्मीदवार काली चरण सिंह को क्षेत्र से उतारा है। आप सभी कार्यकर्ता पुरी मेहनत के साथ कालीचरण सिंह की जीत सुनिश्चित कर अबकी बार सरकार 400 के लक्ष्य को पुरा करने में एक कमल चतरा से भेजने का काम करें। इस दौरान कार्यकर्ताओं से भेद भाव मिटाकर संगठित हित में कार्य करने की बात कही गयी। इसके पूर्व बैठक की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय व डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र के समक्ष माल्यापर्ण व दीप प्रज्जवलित कर किया गया। तत्पश्चात कार्यकर्ताओं के द्वारा अतिथि को अंगवस्त्र व पुष्प गुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया गया। बैठक में चंदवा मंडल अध्यक्ष अमित कुमार, जिला महामंत्री बंशी यादव, महेन्द्र प्रसाद, चेतलाल रामदास, राम प्रसाद साहु, राज कुमार पाठक, दीपक निषाद, राजू भुईयां, मनोज पाठक, बबलू सोनी, सुर्य नारायण साहु, रिकी वर्मा, विनोद कुमार गुडडु, विनोद कुमार बिनू, आशिष सिंह, मनिष कुमार चांदो समेत सैकड़ो भाजपाई मौजूद थे।

# जिला कृषि विभाग ने बेहतर कार्य करने वाले पदाधिकारियों को किया सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**


सम्मानित करते अतिथि।

**लातेहार।** जिला कृषि कार्यालय, लातेहार के आत्मा सभागार में शुक्रवार को जिला स्तरीय पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम एवं पंचायत स्तर पर कृषि के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रगतिशील कृषक एवं कृषक मित्र तथा प्रखण्ड स्तर पर कृषि के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सहायक तकनीकी प्रबंधक, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक एवं प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी को अमृतेश कुमार सिंह, जिला कृषि पदाधिकारी एवं डॉ. दिवेश कुमार सिंह, परियोजना निदेशक, आत्मा, लातेहार के द्वारा पुरस्कार एवं प्रशस्ति-पत्र का वितरण किया गया।

#### प्रखंड कृषि पदाधिकारी को किया गया पुरस्कृत

प्रखंडों में कार्यरत रामनाथ यादव, प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी, चन्दवा में प्रथम, मनीष कुमार पाण्डेय, प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी, बालुमाथ को द्वितीय पुरस्कार एवं देवलाल राम, प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी, बरवाडीह को तृतीय पुरस्कार एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया गया। वही आत्मा, लातेहार की ओर से ग्राम एवं पंचायत स्तर पर कृषि के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने कृषक मित्रों के बीच पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र का वितरण किया गया जिसमें प्रथम पुरस्कार विनोद कुमार चौधरी, ग्राम-पकरार, पंचायत-आरागुण्डी, प्रखंड लातेहार को, द्वितीय पुरस्कार बीरबल प्रजापति, ग्राम पंचायत प्रखंड बालुमाथ को एवं तृतीय पुरस्कार जहेन्द्र उरॉव, ग्राम-पुरनीअरमू, पंचायत-धांगरटोला, प्रखण्ड गारू को प्रदान किया गया। साथ ही ग्राम एवं पंचायत स्तर पर कृषि के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने प्रगतिशील कृषकों के बीच पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र का वितरण किया गया जिसमें प्रथम पुरस्कार बीरबल उरॉव, ग्राम-खरटिया, पंचायत धाधु, प्रखण्ड बालुमाथ को, द्वितीय पुरस्कार रामलाल उरॉव, ग्राम-जड़ेयांग, पंचायत-आरागुण्डी, प्रखण्ड लातेहार को तृतीय पुरस्कार इन्द्रजीत कुमार सिंह, ग्राम-लाटु, पंचायत फुलसू, प्रखंड बारियातु को प्रदान किया गया।

### बुध बाजार में जल मीनार व चापालक खराब पीने के पानी के लिए हो रही है किल्लत

➲ प्रति दिन बुध बाजार पहुंचते है सैकड़ो किसान, कामगार मजदूर व आमजन

➲ पीने के पानी की नही है कोई सुविधा, पानी के लिए इधर उधर भटकते हैं लोग


खराब पड़ा चापाकल व जल मीनार।

**चंदवा।** एक ओर केंद्र से लेकर राज्य सरकार शहर से लेकर गांव तक स्वच्छ पेयजल मुहैया कराने का दावा करती है। लेकिन प्रखण्ड मुख्यालय स्थित शिव मंदिर बुध बाजार के समीप स्थित जल मीनार व चापाकल दोनो के खराब होने के कारण लोग पीने के पानी के लिए भी तरस रहे हैं। चंदवा प्रखण्ड के डेली मार्केट कहे जाने वाले बुध बाजार में जल मीनार विगत 3 वर्षों से खराब पड़ा हुआ है वहीं गर्मी शुरू होते ही चापकल भी बंद पड़ गया है। इस दौरान कई बार स्थानीय लोगो ने संबंधित विभाग से खराब हुए जल मीनार को ठीक करने की गुहार लगाई लेकिन विभाग की ओर से इसे सिर्फ खानापूर्ति कर छोड़ दिया गया। जिस कारण बुध बाजार के दुकानदारों, बाजार आने वाले सैकड़ों किसानों, दैनिक मजदूरों, सब्जी विक्रेता समेत बाजार आने वाले लोगो को पीने के पानी के लिए भी तरसना पड़ रहा है। स्थानीय लोगो दुकानदारों ने बताया कि बुध बाजार में प्रति दिन सैकड़ो की संख्या में किसान, आमजन, सब्जी विक्रेता, दैनिक मजदूर कामकाज के लिए आते है, जिन्हें पीने के पानी के लिये तरसना पड़ता है। कई बार लोग अगल-बगल के घरों से पानी मांग कर प्यास बुझाते हैं। अब तो गर्मी भी शुरू हो गया है व इस वर्ष गर्मी का प्रकोप चरम पर है। ऐसे में आमलोगों की समस्या काफी बढ़ गयी है। प्रशासन से तत्काल पहल कर उक्त जलमीनार को दुरुस्त कराने की मांग की है। इस संबंध में पुछे जाने पर विभाग के कनीय अभियंता सुनिल कुमार ने कहा कि जल्द हीं खराब पड़े चापाकल को दुरूस्त करा दिया जायेगा।

# जल जीवन मिशन योजना मे भारी अनियमितता प्रचंड गर्मी मे भी नही पहुंच रहा है सभी घरो मे पानी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

बारियातू। घर घर जल नल योजना अंतर्गत सरकार सभी घरों मे पानी पहुँचाने के उदेश्य से लाखो खर्च कर आवश्यकता अनुसार सोलर जलमीनार लगाया है. लेकिन बारियातू क्षेत्र के सिबला पंचायत अंतर्गत पुरना सिबला दिले उरांव के घर के पास, भाटचतरा प्रदीप पाण्डेय के घर के पास व राजगुरु पेंसरा मनदीप उरांव के घर के बगल और सालवे गाँव के गजुआ टोला व गड़गोमा मे सुभास कुमार के घर के सामने लगे जल मीनार पिछले कई माह से खराब पड़ा हुआ है. जिसके कारण प्रचंड गर्मी मे आम जन मानस को पेयजल आपूर्ति सहित दैनिक कार्यों के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.आम जनो के सुविधा के लिए सरकार द्वारा लाखो खर्च किए गए जल जीवन मिशन योजना के तहत लगाए गए जलमिनार अनियमितता के भेंट चढ गया है. उपरोक्त टोला गांव मे निवास करने वाले सभी घरो के लिए सरकार के महत्वकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल -जल योजना अंतर्गत जलमिनार लगाया गया था। लेकिन यहां लोग गर्मी मे पेयजल के लिए बेहाल हैं. इधर संवेदक मस्त है. ग्रामीणों के मुताबिक संवेदक और पंचायत प्रतिनिधि को समस्या से अवगत कराते थक गए लेकिन कोई सार्थक पहल नहीं हुआ. ग्रामीण बोले उरांव, दिले उरांव, सुले उरांव, जगदिश गंझु, दसरथ गंझु, रमेश गंझु, मनोज गंझु, सुरेंद्र गंझु, गोविन्द गंझु, लुरक गंझु, गुडे सर गंझु सहित कई ग्रामीण ने बताया कि इस संबंध मे संबंधित संवेदक को कई बार सुचना दे चुके है परन्तु कोई समाधान नहीं किया गया है. ग्रामीणों ने बढते हुए गर्मी के प्रकोप को देखते हुए उपायुक्त व सम्बंधित विभाग से पेयजल जल की समस्या का निराकरण कर पेयजल सुविधा बहाल कराने की गुहार लगाया है।


खराब पड़ा जलमीनार।

# विद्यार्थियों ने मैट्रिक में लहराया परचम

➲ बेहतर शिक्षा का माहौल स्थापित करने के लिए जारी रहेगा प्रयास : आशीष

**खबर मन्त्र संवाददाता**


बच्चों के साथ शिक्षकगण।

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत स्थित चाणक्य क्लासेस कोचिंग सेंटर के बच्चों ने भी मैट्रिक परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया है। शिक्षक आशीष विश्वकर्मा ने बताया कि पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी हमारे संस्थान की विद्यार्थियों ने अच्छे अंक प्राप्त किए है। जिसमें अभिषेक कुमार ने 94% अंक लाकर प्रखण्ड टॉप किया। वहीं अदिति कुमारी 89.80%, संगीता कुमारी 89.60%, आशीष प्रजापति 88.80%, दिनकर कुमार 87%, नबील अहमद 83%, अंकित कुमार 81.40%, सलोनी बैक 81.80%, शीतल कुमारी 81.40% और अंकित ठाकुर 80.40% सहित अन्य छात्र- छात्राओं का प्रदर्शन बेहतर रहा है। इन्होंने अपने विद्यालय के साथ-साथ अपने माता- पिता, गुरुजनों तथा पूरे प्रखण्ड का मान-सम्मान बढ़ाया है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सागर कुमार वर्मा ने छात्र- छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि आप लोगों ने खुद की काबिलियत पर आज जो सफलता हासिल किए है, उसपर हम सभी को गर्व है। हम सब आपके करियर के अगले भाग में और भी अधिक सफलता की कामना करते है। वहीं शिक्षकों ने कहा कि कोचिंग में बेहतर शिक्षा का माहौल स्थापित करने के लिए उनका प्रयास आगे भी जारी रहेगा।

#### श्रेय लेने में जुटे कोचिंग संस्थान

बता दें कि बरवाडीह प्रखंड में संचालित कई कोचिंग संस्थान के संचालक, विद्यालयों के शिक्षकों की मेहनत और बच्चों द्वारा किए गए परिश्रम का श्रेय अपने संस्थान को देने में जुटे हुए है। हम ऐसा नहीं कह रहें है कि बच्चों की इस उपलब्धि में कोचिंग संस्थानों की कोई भूमिका नहीं है। भूमिका है पर उतनी नहीं जितना की परिणाम जारी होते ही वह खुद को देने की जुगत में लग जाते है।

